# मेरे श्याम | By Swati Dahima

नज़र दया की सांवरे एक बार करो
शरण पड़े को बाब अब स्वीकार करो
दर दर भटके अब तेरे दर आये हैं
हारे हैं हारो को ना इनकार करो
साथ तेरा, साथ तेरा.
साथ तेरा मिल जाए तो फिर सुधर जायेगा ये जनम
ठोकरें जग की खाएं हम
मेरे श्याम कभी तो खबर लो
आस तुझसे लगाए हम
ठोकरें जग की खाये हम
मेरे श्याम ........

करूणानिधि हो करुणा दिखलाओ तुम
धीर छूटता आकर धीर बंधाओ तुम
वक़्त दशा हालत के आगे हारे हम
काल की बाबा अब तो चाल फिराओ तुम
तेरी महर, तेरी महर .......
तेरी महर की जो नज़र हो
पल में थम जाएंगे सारे गम
ठोकरें जग की खाये हम
मेरे श्याम ........

हमने सुना दरबार तेरा निराला है
हर बेचारो का बाबा रखवाला है
आँखों को पढ़ लेता तू बस आँखों से
सच्चा लखदातार तू खाटू वाला है
तेरी डगर, तेरी डगर......
तेरी डगर बाबा चले हम
गोलू चाहे कृपा हर दम
ठोकरें जग की खाये हम
मेरे श्याम ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-swati-dahima/